जारी 18/4/19

# कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड

**विश्वकर्मा भवन, प्रथमतल, 4 — सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून — 248001**
**Email ID- ceo_uttaranchal@eci.gov.in** फोन न0 (0135) — 2713760, 2713551.
फैक्स न0 (0135) — 2713724

संख्या 2041 /XXV—12/2015 देहरादूनः दिनांक 18 अप्रैल, 2019.

सेवा में,

अपर सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
उत्तराखण्ड शासन
देहरादून।

**विषयः—** **निर्वाचन विभाग में नामित लोक सूचना अधिकारी/प्रथम विभागीय अपीलीय अधिकारियों का विवरण उपलब्ध कराये जाने के संबध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक उत्तराखण्ड शासन सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तराखण्ड के पत्र संख्या—342/XXXi(15)G/01 (अपील)/2019 दिनांक 05 अप्रैल, 2019 का सदंर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। शासन के उक्त पत्र द्वारा उत्तराखण्ड के समस्त विभागों में नामित लोक सूचना अधिकारी/प्रथम विभागीय अपीलीय अधिकारियों का विवरण 20 अप्रैल, 2019 तक सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

अतः उक्त संबंध में मुझे यह कहने के निदेश प्राप्त हुए है कि उत्तराखण्ड राज्य के निर्वाचन विभाग से संबंधित नामित लोक सूचना अधिकारी/प्रथम विभागीय अपीलीय अधिकारियों विवरण की हार्ड एवं साफ्ट कापी संलग्न कर प्रेषित है।

**संलग्नक—यथोपरि।**

भवदीय,

( मस्तूदास )
सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी
उत्तराखण्ड

rti 2019

विभाग का नाम निर्वाचन विभाग

विभागाध्यक्ष का पदनाम मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड ईमेल आई0डी0– election09@gmail.com

दूरभाष नं0 0135 2713551 फैक्स नम्बर– 0135 2713724

विभाग में नामित लोक सूचना अधिकारियों की कुल संख्या– 14 विभाग में नामित अपीलीय अधिकारियों की कुल संख्या– 14

मुख्यालय स्तर पर नामित लोक सूचना अधिकारियों/विभागीय अपीलीय अधिकारियों का विवरण

| कम स0 | लोक सूचना अधिकारी का पदनाम | पूर्ण पता | दूरभाष/ मो0 नम्बर | फैक्स न0 | ई0मेल आई0डी0 | अपीलीय अधिकारी का पदनाम | पूर्ण पता | दूरभाष नम्बर | फैक्स नं0 | ई0मेल आई0डी0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | अनुभाग अधिकारी | कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, प्रथम तल विश्वकर्मा भवन, सचिवालय परिसर, देहरादून | 0135–2713724 | 0135–2713724 | election09@gmail.com | सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड | कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, प्रथम तल विश्वकर्मा भवन, सचिवालय परिसर, देहरादून | 0135–2713551 | 0135–2713724 | election09@gmail.com |

जिला स्तर पर नामित लोक सूचना अधिकारियों/विभागीय अपीलीय अधिकारियों का विवरण

| कम स0 | लोक सूचना अधिकारी का पदनाम | पूर्ण पता | दूरभाष/ मो0 नम्बर | फैक्स न0 | ई0मेल आई0डी0 | अपीलीय अधिकारी का पदनाम | पूर्ण पता | दूरभाष नम्बर | फैक्स नं0 | ई0मेल आई0डी0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, उत्तरकाशी | जिला निर्वाचन कार्यालय, उत्तरकाशी | 01374–222177 7060378198 | 01374–222177 | dmcumdeouki@gmail.com | उप जिला निर्वाचन अधिकारी, उत्तरकाशी | जिला कार्यालय, उत्तरकाशी | 01374–222109 | 01374–222109 | admuttarkashii@gmail.com |
| 2 | सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, चमोली | जिला निर्वाचन कार्यालय,चमोली | 01372–252139 7895491792 | 01372–252139 | dmcumdeocmi@gmail.com | उप जिला निर्वाचन अधिकारी, चमोली | जिला निर्वाचन कार्यालय,चमोली | 01372–252139 | 01372–252139 | dmcumdeocmi@gmail.com |
| 3 | सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, रूद्रप्रयाग | जिला निर्वाचन कार्यालय, रूद्रप्रयाग | 01364–233352 9837756985 | 01364–233352 | dmcumdeorpg@gmail.com | उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रूद्रप्रयाग | उपजिलाधिकारी कार्यालय, (सदर) रूद्रप्रयाग | 01364–233279 | 01364–233279 | sdmrudraparag@gmail.com |
| 4 | सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, टिहरी गढ़वाल | जिला निर्वाचन कार्यालय, टिहरी गढ़वाल, | 01376–232164 9760919781 | 01376–232164 | dmcumdeotwl@gmail.com | उप जिला निर्वाचन अधिकारी, टिहरी गढ़वाल | जिला निर्वाचन कार्यालय, टिहरी गढ़वाल, | 01376–232164 | 01376–232164 | dmcumdeotwl@gmail.com |
| 5 | सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, देहरादून | जिला निर्वाचन कार्यालय, देहरादून | 0135–2624216 8126099666 | 0135–2624216 | dmcumdeoddn@gmail.com | उप जिला निर्वाचन अधिकारी, देहरादून | जिला कार्यालय, देहरादून | 0135–2623819 | 0135–2623819 | adm.deh@gmail.com |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, हरिद्वार | जिला निर्वाचन कार्यालय, हरिद्वार | 01334—239942 9997267231 | 01334—239942 | dmcumdeohdr@gmail.com | उप जिला निर्वाचन अधिकारी, हरिद्वार | जिला निर्वाचन कार्यालय, हरिद्वार | 01334—239942 | 01334—239942 | dmcumdeohdr@gmail.com |
| 7 | सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, पौड़ी गढ़वाल | जिला निर्वाचन कार्यालय, पौड़ी गढ़वाल | 01368—222217 9897341721 | 01368—222217 | dmcumdeopwl@gmail.com | उप जिला निर्वाचन अधिकारी, पौड़ी गढ़वाल | जिला निर्वाचन कार्यालय, पौड़ी गढ़वाल | 01368—222217 | 01368—222217 | dmcumdeopwl@gmail.com |
| 8 | सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, पिथौरागढ़ | जिला निर्वाचन कार्यालय, पिथौरागढ़ | 05964—225236 9760921648 | 05964—225236 | dmcumdeopgh@gmail.com | उप जिला निर्वाचन अधिकारी, पिथौरागढ़ | जिला विकास कार्यालय, पिथौरागढ | 05964—225236 | 05964—225236 | cdoddopithoragarh@gmail.com |
| 9 | सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, बागेश्वर | जिला निर्वाचन कार्यालय, बागेश्वर | 05963—220380 9917041923 | 05965—220380 | dmcumdeobgsr@gmail.com | उप जिला निर्वाचन अधिकारी, बागेश्वर | जिला निर्वाचन कार्यालय, बागेश्वर | 05965—220380 | 05965—220380 | dmcumdeobgsr@gmail.com |
| 10 | सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, अल्मोड़ा | जिला निर्वाचन कार्यालय, अल्मोड़ा | 05962—230013 9410585465 | 05962—230010 | dmcumdeoalmr@gmail.com | उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अल्मोड़ा | जिला कार्यालय, अल्मोड़ा | 05962—233203 | 05962—230010 | dmcumdeoalmr@gmail.com |
| 11 | सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, चम्पावत | जिला निर्वाचन कार्यालय, चम्पावत | 05965—230296 9411196936 | 05965—230296 | dmcumdeocpt@gmail.com | उप जिला निर्वाचन अधिकारी, चम्पावत | जिला निर्वाचन कार्यालय, चम्पावत | 05965—230296 | 05965—230296 | dmcumdeocpt@gmail.com |
| 12 | सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, नैनीताल | जिला निर्वाचन कार्यालय, नैनीताल | 05942—235284 7579202999 | 05942—235284 | dmcumdeontl@gmail.com | उप जिला निर्वाचन अधिकारी, नैनीताल | जिला निर्वाचन कार्यालय, नैनीताल | 05942—235284 | 05942—235284 | dmcumdeontl@gmail.com |
| 13 | सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, उधमसिंह नगर | जिला निर्वाचन कार्यालय, उधमसिंह नगर | 05944—246787 7088734442 | 05944—246787 | hsrawat1962@gmail.com | उप जिला निर्वाचन अधिकारी, उधमसिंह नगर | जिला निर्वाचन कार्यालय, उधमसिंह नगर | 05944—242087 | 05944—242087 | adfr01/@mail.com |

(मस्तू दास)
सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उत्तराखण्ड ।

उत्तराखण्ड शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
संख्याः342/xxxi(15)G/01(अपील)/2019
देहरादूनः दिनांक08 अप्रैल, 2019

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

कृपया सचिव, उत्तराखण्ड सूचना आयोग के पत्र संख्या-2532 दिनांक 18.03.2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके साथ सूचना आयोग में दर्ज अपील संख्या-27792/2018 श्री रमेश प्रसाद पुत्र श्री सोहित बनाम लोक सूचना अधिकारी/सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तराखण्ड शासन व अन्य में पारित आदेश दिनांक 15.03.2019, जिसके प्रस्तर 5 में उल्लेख किया गया है कि सामान्य प्रशासन विभाग प्रदेश के समस्त लोक सूचना अधिकारी, प्रथम अपीलीय अधिकारी का नाम, पदनाम, डाक पता/ई-मेल पता दूरभाष नम्बर संकलित कर सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करें व यह कार्य अगले 45 दिन में पूर्ण कर लिया जाये।

तद्क्रम में आयोग के उपरोक्त आदेश की प्रति संलग्न करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अपने-अपने नियंत्रणधीन विभागों में नामित लोक सूचना अधिकारी/प्रथम विभागीय अपीलीय अधिकारियों की अपील में पारित आदेश के अनुसार सूचना हार्ड एवं साफ्ट कापी में दिनांक 20 अप्रैल, 2019 तक सामान्य प्रशासन विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

Ad.CEO
9/4/19

संलग्नकःयथोपरि।

(सौजन्या)
सचिव एवं
मुख्य निर्वाचन अधिकारी

(राधा रतूड़ी)
अपर मुख्य सचिव।

संख्याः /xxxi(15) G/01(अपील)/2019 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. सचिव, उत्तराखण्ड सूचना आयोग को उनके पत्र संख्या-2532 दिनांक 18.03.2019 के क्रम में।
2. निदेशक, एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर, देहरादून को इस आशय से कि वह सामान्य प्रशासन विभाग वेबसाईट तैयार करने का कष्ट करें।
3. श्री देव सिंह, उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग को इस आशय से प्रेषित कि कृपया निदेशक, एन0आई0सी0 से समन्वय स्थापित करते हुए विभाग की वेबसाईट तैयार करवाने का कष्ट करें।

Dy.CEO
12/4/2019

Asst.CEO
12/04/19.

श्री कार्की
12/4/2019

आज्ञा से,

(इन्दुधर बौड़ाई)
सचिव।

# उत्तराखण्ड सूचना आयोग देहरादून, उत्तराखण्ड

**अपील संख्या : A(D)-27792/2018**

अपील अंतर्गत धारा 19(3) सू.का.अधि. अधिनियम, 2005

समक्ष : शत्रुघ्न सिंह, मुख्य सूचना आयुक्त, उत्तराखण्ड

अपीलकर्ता : श्री रमेश प्रसाद, पुत्र श्री सोहित, निवासी ग्राम पुरनापुर, गांधीनगर, पोस्ट नौगवांठग्गू, तहसील खटीमा, जिला ऊधम सिंह नगर–262308

बनाम

प्रत्युत्तरदाताः 1. लोक सूचना अधिकारी / सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

2. विभागीय अपीलीय अधिकारी / स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

प्रतिलिपि : सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

## आदेश

आज सुनवाई के समय अपीलार्थी उपस्थित नहीं है। विभागीय अपीलीय अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में प्रमुख निजी सचिव श्री प्रकाश चन्द्र उपाध्याय उपस्थित हैं।

2. अनुरोध पत्र के सापेक्ष पूर्ण सूचनायें प्राप्त न होने से क्षुब्ध होकर यह द्वितीय अपील प्रस्तुत की गई है।

3. अनुरोध पत्र दिनांक 08/05/2018 के द्वारा अपीलार्थी ने लोक सूचना अधिकारी, कार्यालय मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन, सचिवालय, देहरादून से उत्तराखण्ड शासन के अधीन लोक सूचना अधिकारियों के पदनाम एवं पते की सूचना मांगी। अपीलार्थी के अनुसार 27 विभागों ने सूचनायें प्रदान की, किन्तु अन्य कई विभागों ने यह सूचना प्रदान नहीं की। ऐसे में उन्होंने प्रथम अपील की थी, जिसका निस्तारण स्टॉफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन ने दिनांक 28/08/2018 को किया। प्रथम अपीलीय

उत्तराखण्ड सूचना आयोग देहरादून
सत्यमेव जयते

कि वे लोक सूचना अधिकारी, प्रथम अपीलीय अधिकारी का नाम, पदनाम, डाक पता / ई–मेल पता, दूरभाष नम्बर से सम्बन्धित विवरण संकलित करके सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करें ताकि सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत अनुरोधकर्ताओं को एक ही स्थान पर यह सूचना प्राप्त हो सके कि किस कार्यालय में उनके द्वारा अनुरोध पत्र व प्रथम अपील प्रस्तुत की जानी चाहिए। ऐसा करने से सूचना का अधिकार अधिनियम के कियान्वयन को बल मिलेगा। यह कार्य अगले 45 दिन में पूर्ण कर लिया जाए। सूचना वेबसाईट पर अपलोड करने के पश्चात् अपीलार्थी को सूचित कर दिया जाए।

6. उपर्युक्त दिये गये निर्देश के कम में इस अपील का निस्तारण किया जाता है।

पत्रावली दाखिल दफ्तर की जाये।

आज खुले में घोषित, हस्ताक्षरित एवं दिनांकित।

दिनांक : 15/03/2019

( शत्रुघ्न सिंह )
मुख्य सूचना आयुक्त

उत्तराखण्ड सूचना आयोग
सत्यमेव जयते
देहरादून

NCB